प्रेस नोट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर दिनांक 30.06.2024

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 04 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद डण्डा व अन्य सामान बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा के नेतृत्व में मय थाना पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 568/2024 धारा 302,201 भादवि से संबंधित अभियुक्त 1. वृजेन्द्र निषाद 2. आकाश कुमार 3. शिव कुमार व 4. प्रियंका निषाद को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद डंडा बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरण-

दिनांक 19.06.2024 को फैलहवा घाट के पास ताल में एक अज्ञात लड़के का शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई व अज्ञात शव के शिनाख्त का प्रयास किया गया। शिनाख्त न होने के कारण शव को मर्चरी हाउस भेज दिया गया। जहाँ 72 घण्टे बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर नियमानुसार दाह संस्कार किया गया। उक्त शव के शिनाख्त हेतु पम्पलेट छपवाकर प्रसारित किया गया, जिसे देखकर थाना चिलुआताल निवासी एक व्यक्ति ने आकर बताया कि यह शव मेरे लड़के का है, जो चेन्नई मे काम करता था, जिसका प्रेम प्रसंग थाना क्षेत्र चिलुआताल की शादी शुदा-महिला से था। दिनांक 14.06.2024 को मेरा लड़का बैंगलोर जाने की बात बताकर घर से निकला था लेकिन वह बैंगलौर नही पहुँचा। प्रेमिका के परिवार वालों द्वारा मेरे लड़के को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। उन्ही लोगों ने बुलाकर मेरे बेटे की हत्या की है। वादी(मृतक के पिता) से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके मायके जंगल डुमरी नम्बर 02 टोला पोखरा थाना गुलरिहा गया था जहां पकड़े जाने पर प्रेमिका व अन्य लोगों द्वारा डण्डे से मारकर उसकी हत्या कर दिया गया तथा शव को फैलहवा घाट के पास ताल में फेक दिया गया था। पुलिस टीम व सर्विलांस टीम की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मृतक का बैग, पर्स, कपड़ा व आधार कार्ड प्रेमिका के घर (मायके) से बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. रामनिवास उर्फ वृजेन्द्र निषाद पुत्र मुनीब निवासी ग्राम रोहुआ थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
2. आकाश कुमार पुत्र उमेश निवासी ग्राम रोहुवा थाना चिलुआताल गोरखपुर
3. प्रियंका निषाद पत्नी महेश निषाद निवासी ग्राम रोहुवा थाना चिलुआताल गोरखपुर
4. शिव कुमार पुत्र मिठाई लाल निवासी ग्राम रोहुआ थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 568/2024 धारा 302,201 भादवि थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

1. घटना में प्रयुक्त 01 अदद डंडा
2. मृतक का बैग, पर्स, कपड़ा व आधार कार्ड आदि

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्र0नि0 शशिभूषण राय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
2. निरीक्षक अजय पाण्डेय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0प्रशि0 अभिषेक कुशवाहा थाना गुलरिहा, गोरखपुर
4. हे0का0 अमरनाथ यादव थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
5. का0 कार्तिक पाण्डेय थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
6. का0 अंकित कन्नौजिया थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
7. म0का0 जागृति सिंह थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर